दैनिक भास्कर 13/05/2023

# कोडिंग हैकाथॉन में जीएमएन कॉलेज की टीम प्रथम



**अम्बाला** | कोडिंग हैकाथॉन में जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों एवं 16 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता की थीम मेमोरी गेम को बनाना था। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों हिमांशु, सावन, साईं चंद्रन और पीयूष ने कंप्यूटर की विभिन्न भाषाओं सी लैंग्वेज, जावास्क्रिप्ट, एचटीएमएल और सीएसएस के माध्यम से मेमोरी गेम बनाई और ओवरऑल ट्रॉफी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता विद्यार्थियों एवं विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा को बधाई दी।